# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 07.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आंतकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद, लश्कर–ए–तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को किया तबाह।**
2. **झारखंड में राजनीतिक दलों ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का किया समर्थन, कहा– आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट।**
3. **रांची समेत राज्य के पांच जिलों में आज शाम होगी मॉक ड्रील, आईजी ऑपरेशन ने लोगों से की नहीं घबराने की अपील, कहा– यह बाहरी खतरे से मुकाबले के लिए तैयार रहने का अभ्यास।**
4. **राज्य मंत्रिपरिषद की आज होने वाली बैठक कल तक के लिए टली, राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने समेत कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।**
5. **सीयूईटी–यूजी परीक्षा 13 मई तक के लिए स्थगित, एनटीए ने अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों के शहरों की सूचना पर्ची जारी की।**

*****************

भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में मध्य रात्रि को आतंकी ढांचों पर प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। सेना की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। आर्मी की लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। आर्मी की लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश–ए–मोहम्मद, लश्कर–ए–तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया।

इससे  पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम हमले के षडयंत्रकारियों–अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी था।  उन्होंने बताया कि सशस्त्र बलों के प्रहार केन्द्रित, नपी–तुली और नॉन एस्कॅलेट्री रहे। उन्होंने बताया कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य केन्द्र को निशाना नहीं बनाया गया।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद देशभर में भारतीय सेना की सराहना हो रही है। झारखंड की सियासत में भी इस पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य नेताओं ने सेना को सलाम किया है। नेताओं ने सेना की कार्रवाई को राष्ट्र की ताकत बताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरु कर दी है।

इधर, झारखंड से राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने भी सेना की कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि आंतकवाद के खिलाफ सबको एकजुट होना चाहिए।

*****************

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई से राज्यवासियों में जश्न का माहौल है। हजारीबाग में आज सुबह आतिशबाजी कर सेना की कार्रवाई का स्वागत किया। स्थानीय नागरिकों ने सेना और सरकार के इस कदम का समर्थन किया।

राज्य के अन्य जिलों के नागरिकों ने भी इस कार्रवाई की सराहना की है और सेना के शौर्य की प्रशंसा की है।

*****************

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर आज शाम देश के सभी राज्यों में एक साथ मॉक ड्रिल होगी। झारखंड के भी पांच जिलों में छह स्थानों पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जायेगा। इनमें राजधानी रांची के अलावा पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, गोमिया, साहिबगंज और गोड्डा शामिल हैं। रांची में यह मॉक ड्रिल शाम चार से सात बजे तक डोरंडा इलाके में होगी। इस दौरान लोगों को सायरन की आवाज सुनाई देगी। इस दौरान लोगों को अपने घरों की बत्तियां बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं। आईजी अभियान एवी होमकर ने कहा कि यह किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए लोगों को तैयार करने का अभ्यास है।

*****************

उधर, गोड्डा में भी मॉक ड्रिल की तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिले में कारगिल चौक के पास नागरिक सुरक्षा का अभ्यास किया जायेगा। उपायुक्त जिशान कमर ने कहा कि इससे आम लोगों को घबराने की जरुरत नहीं है क्योंकि यह केवल तैयारी का अभ्यास है।

*****************

पूर्वी सिंहभूम में सोनारी एयरपोर्ट पर मॉक ड्रील होगी। जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि इसका उद्देश्य जनता के बीच जागरूकता पैदा करना और किसी भी शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में आवश्यक सावधानी बरतना है।

*****************

राज्य मंत्रिपरिषद की आज होने वाली बैठक कल तक के लिए टाल दी गयी है। अब यह बैठक कल शाम चार बजे रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जायेगी। बैठक में राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के मंहगाई भत्ते में वृद्धि समेत कई अन्य प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

*****************

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी आज उतार–चढ़ाव के बाद  दोपहर कारोबार में लगभग स्थिर रहे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 62 अंक गिरकर 80 हजार 579 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 15 अंक गिरकर 24 हजार 364 पर आ गया।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार 600 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

सीयूईटी–यूजी 13 मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 8 मई से शुरू होने वाली थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने आज अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों के शहरों की सूचना पर्ची जारी कर दी है। अभ्यार्थी एनटीए के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने एग्जाम सिटी की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

*******समाप्त*******